POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनांक 27.01.2025

1.थाना सेक्टर-63 नोएडा पुलिस द्वारा चोरी की घटना में प्रकाश में आये 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 02 अवैध चाकू बरामद।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- दिनांक 18.01.2025 को वादी की तहरीर पर थाना सेक्टर-63, नोएडा पर वादी की कम्पनी से कुछ अज्ञात व्यक्तियो द्वारा शटर का ताला तोड़कर सोल्डर स्टीक एवं वायर चोरी कर लिये जाने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 29/2025 धारा 305/331(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 23.01.2025 को थाना सेक्टर-63, नोएडा पुलिस द्वारा चोरी की उक्त घटना का सफल अनावरण किया गया था तथा घटना में शामिल 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था तथा उसके कब्जे/निशादेही पर चोरी किया गया सोल्डर वायर रोल (कीमत करीब 05 लाख रूपये) बरामद किया गया था। **दिनांक 27.01.2025** को उक्त घटना में प्रकाश में आये अन्य 02 अभियुक्त क्रमशः 1-विनय पुत्र बीना 2-रामप्रताप पुत्र रामपाल को गोपनीय सूचना के आधार पर टोयोटो शोरूम के सामने मेट्रो पिलर के पास से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध चाकू बरामद किये गये है। अभियुक्तों द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि हम लोगो ने अपने साथी सुरजीत के साथ मिलकर बी ब्लाक, सेक्टर-63 में एक कम्पनी से शोल्डर वायर चोरी किया था।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--

1. विनय पुत्र बीना निवासी कुरीया बहरी थाना काठ जिला शाहजहाँनपुर वर्तमान पता बहरामपुर थाना रिपब्लिक क्रासिंग जनपद गाजियाबाद (उम्र 23 वर्ष)।
2. रामप्रताप पुत्र रामपाल निवासी पहलोरा थाना कांठ जिला शाहजहांपुर वर्तमान पता 25 फुटा रोड बहरामपुर, थाना रिपब्लिक क्रासिंग जनपद गाजियाबाद (उम्र 30 वर्ष)।

पंजीकृत अभियोग व आपराधिक इतिहास का विवरण--

1. मु0अ0सं0 29/2025 धारा 305/331(4)/317(2) बीएनएस व बढ़ोत्तरी धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम थाना सेक्टर-63, नोएडा।

बरामदगी का विवरण--

1. 02 अवैध चाकू

2.थाना दादरी पुलिस द्वारा दुपहिया वाहन चोरी करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 07 चोरी की मोटरसाईकिल व 02 अवैध चाकू बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 27.01.2025 को थाना दादरी पुलिस द्वारा वाहन चोरी करने वाले गिरोह के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 03 शातिर चोर 1. अजय पुत्र भोले 2. ललित पुत्र राकेश 3. छोटेलाल पुत्र राकेश को 07 चोरी की मोटरसाईकिल व 02 अवैध चाकू के साथ कठहैरा मोड के पास से **गिरफ्तार** किया गया है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- तीनों अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि ये सभी मोटर साइकिले हम तीनों ने मिलकर ग्रेटर नोएडा व एनसीआर क्षेत्र से चोरी की है। बरामद मोटर साइकिलो के सम्बन्ध मे जानकारी की जा रही है। अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही कर की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--

1. अजय पुत्र भोले निवासी ग्राम सिसौना थाना रजपुरा जिला सम्भल हाल पता पायल हॉल के सामने रेलवे रोड दादरी गौतमबनद्धनगर उम्र करीब 25 वर्ष।
2. ललित पुत्र राकेश निवासी ग्राम सिसौना थाना रजपुरा जिला सम्भल हाल पता पायल हॉल के सामने रेलवे रोड दादरी गौतमबनद्धनगर उम्र करीब 24 वर्ष।
3. छोटेलाल पुत्र राकेश निवासी ग्राम सिसौना थाना रजपुरा जिला सम्भल हाल पता पायल हॉल के सामने रेलवे रोड दादरी गौतमबनद्धनगर उम्र करीब 19 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग व आपराधिक इतिहास का विवरण--

1. मु0अ0सं0 0040/2025 धारा 317(5) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना दादरी जीबीएन।

बरामदगी का विवरण--

1. मो0सा0 एच एफ डिलेक्स रंग काला रजि0 नम्बर यूपी 13 सीए 3483,
2. मो0सा0 पैशन प्रो0 रंग काला रजि0 नं0 यूपी 16 एजैड 8016
3. मो0सा0 टीवएस स्टार सिटी रंग लाल रजि0 नं0 यूपी 76 यू 9116
4. मो0सा0 पैशन प्रो0 रजि0नं0 यूपी 13 एएल 7160
5. मो0सा0 यामा एफजैड रंग लाल रजि0 नं0 एचआर 12 एक्स 7488
6. मो0सा0 स्प्लेण्डर प्रो0 रंग काला रजि0नं0 डीएल 6एस एक्यू 2397

7. मो0सा0 स्प्लेण्डर रंग सिल्वर बिना नम्बर प्लेट,
8. दो अवैध चाकू,